भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4090

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

तेलंगाना में राजमार्गों का नेटवर्क

4090. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तेलंगाना में राजमार्गों के नेटवर्क का निर्माण कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हैदराबाद शहर से राजमार्गों तक पहुंचने में होने वाले विलंब को कम करने के लिए अभियांत्रिकी संबंधी समाधानों की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क तक पहुंचने के लिए हैदराबाद में सड़कों के सुरंग नेटवर्क निर्माण का वित्तपोषण करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात आवश्यकताओं, पारस्परिक प्राथमिकता और प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के साथ तालमेल पर निर्भर करता है। सरकार ने 2014 से तेलंगाना राज्य में 2,526 किलोमीटर लंबी राज्यीय सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन किया है और वर्तमान में तेलंगाना में 30 राष्ट्रीय राजमार्ग हैं जिनकी कुल लंबाई 4,926 किलोमीटर है। विगत 10 वर्षों में तेलंगाना राज्य में कुल 2,722 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। यातायात की भीड़ को कम करने के लिए हैदराबाद और उसके आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों पर चल रहे कार्यों का विवरण संलग्न है।

(ग) जी, नहीं।

अनुबंध

'तेलंगाना में राजमार्गों का नेटवर्क' के संबंध में श्री माधवनेनी रघुनंदन राव द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4090 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

हैदराबाद और उसके आसपास राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की भीड़ को कम करने और निसंत्रित करने के लिए चल रहे कार्यों का विवरण

क्रम सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी)	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)
1	रारा-44 पर किमी 9.90 से किमी 19.948 तक 6 लेन का कार्य (आरामगढ़-समशाबाद खंड)।	10.048	283.15
2	रारा-163 के किमी.7.950 (उप्पल) से किमी.14.200 तक छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर।	6.25	626.76
3	रारा-202 (नया रारा-163) पर हैदराबाद के अम्बरपेट -एक्स रोड पर 4-लेन फ्लाईओवर।	1.465	216.53
4	रारा-44 के हैदराबाद-बेंगलुरु खंड के किमी 20/0 से 21/150 तक वाहन अंडरपास और सर्विस रोड के प्रावधान के माध्यम से सड़क सुरक्षा में सुधार।	1.15	21.16
5	रारा-65 के पुणे-हैदराबाद खंड पर बीएचईएल जंक्शन के पास किमी 520/000 से 521/650 तक फ्लाईओवर का निर्माण।	1.65	130.65
6	रारा-163 के किमी 14/200 से किमी 18/600 तक नालियों के साथ 6-लेन + पीएस में सुधार और चौड़ीकरण।	4.4	48.32
7	रारा-65 के पुणे-हैदराबाद खंड को किमी 493/0 से किमी 524/0 तक सांगा रेड्डी एक्स रोड से मदीनागुडा तक 6 लेन का निर्माण (बीएचईएल फ्लाईओवर को छोड़कर)।	29.35	1297.75

8	रारा-63 (पुराना रारा-9) के किमी 15/00 से किमी 40/00 तक एलबी नगर से मलकापुर खंड का पुनर्स्थापन और उन्नयन, सर्विस रोड, नालियों, फुटपाथ सहित 6-लेन मुख्य कैरिजवे, वीयूपी और छोटे पुल का चौड़ीकरण और सड़क सुरक्षा प्रावधान।	22.5	545.11
9	हैदराबाद से बेंगलुरू खंड पर रारा-44 के थोंडुपल्ली से कोथुर खंड का छह लेन निर्माण।	12	527.04
10	रारा-44 एनएस-23 के नागपुर-हैदराबाद खंड के किमी.471 (गुंडलापोचंपल्ली) से किमी.481 (बोवेनपल्ली) तक छह लेन का कार्य।	10.03	527.54
11	नागपुर - हैदराबाद सेक्शन के किमी.454.000 (कलकल्लू) से किमी.471.000 (गुंडलापोचनपल्ली) तक एलिवेटेड कॉरिडोर के साथ छह लेन का कार्य।	17	894.60
12	हैदराबाद (किमी 14+000 पर अप्पा जंक्शन के पास ओआरआर) से मन्नेगुडा (किमी 59+500) तक रारा-163 को चार लेन का बनाना।	46.40	1130.42

*****